# पुनरावर्तन 2

**1. निम्नलिखित परिच्छेद पढ़िए और इस विषय पर अपने साथियों से पूछने के लिए तीन प्रश्न बनाइए :**

समय बहुत कीमती है। गया हुआ धन वापस मिल सकता है, पर बीता हुआ समय कभी वापस नहीं लौट सकता। इसलिए समय धन से भी अधिक मूल्यवान है। हमें समय का सदुपयोग करना चाहिए। समय के सदुपयोग द्वारा ही हम जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। परिश्रम करना ही समय का सबसे अच्छा उपयोग है।

**2. नीचे दिए गए शब्दों में से संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण पहचान कर वर्गीकृत कीजिए और उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए :**

(पर्वत, उसको, मीठा, नदी, तुम्हें, सूरत, बाल, नर्मदा, सुंदर, बड़ा, मेहनती, हम, भारत)

**3. दिए गए शब्दों को सही स्थान पर रखिए :**

(ऊपर, अभी, यहाँ-वहाँ, अधिक, ओर, धीरे-धीरे)

(1) मोनिका ____________ खाना बना रही थी।

(2) हवाई जहाज ____________ उड़ रहा है।

(3) दिनभर ____________ देखा।

(4) शिक्षक ने विद्यार्थी की ____________ देखकर कहा।

(5) काम ____________ करो, बातें कम।

(6) बिल्ली ____________ बाहर निकल गई।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE
www.studentbro.in

**4. मौखिक उत्तर दीजिए :**

(1) आपके परिवार में से आपको कौन सबसे ज्यादा पसंद है ? क्यों ?

(2) आपके गाँव/शहर के बारे में दस-बारह वाक्य बोलिए।

(3) आपको पसंद हो ऐसी फिल्म का नाम बताकर संक्षेप में कहानी बताइए।

(4) यदि सूरज न निकले तो क्या होगा ?

(5) यदि आप गाँव के सरपंच होते तो......



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in